करके सवारी मूषक गणपती जी आएंगे

करके सवारी मूषक गणपती जी आएंगे,
मेरे घर आकर देखो भाग्य जगायेंगे,
करके सवारी मूषक गणपती जी आएंगे।।

भोग लगाकर लड्डुओं का हम देखे राह तुम्हारी,
हर्षित मन से हम मिलकर के गाएंगे,
करके सवारी मूषक गणपती जी आएंगे।।

सब देवो में सबसे पहले देवा तुम्हे मनाये,
सुख करता दुःख हरता देवा इस जग में कहलाये,
खुशियों से झोली भरदी सबको बताएंगे,
करके सवारी मूषक गणपती जी आएंगे।।

पल में हरके विघ्नो को गणपती जी दिखलाये,
रिद्धि और सिद्धि के स्वामी गणपती जी कहलाये,
चरणों में इनके हम शीश झुकायेंगे,
करके सवारी मूषक गणपती जी आएंगे।।

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25020/title/karke-sawari-mushak-ganpati-ji-aayenge

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |